जैम 2019

एम.एससी. के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा

आयोजक संस्थान

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जैम) के

शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (भिलाई, भुवनेश्वर, मुंबई, दिल्ली, धनबाद, गांधीनगर, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जोधपुर, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास, पटना, रुड़की, रोपड़ तथा वाराणसी) में विज्ञान निष्णात (M.Sc.) (द्वि-वर्षीय), संयुक्त विज्ञान निष्णात-विद्या-वाचस्पति (Joint M.Sc.-Ph.D.), विज्ञान निष्णात- विद्या वाचस्पति द्वि-उपाधि (M.Sc.-Ph.D. Dual Degree), विज्ञान निष्णात-एम.एस (शोध) / विद्या वाचस्पति (द्वि-उपाधि) (M.Sc.- M.S. (Research) / Ph.D. Dual Degree) तथा अन्य स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 10 फरवरी 2019 (रविवार) को जैम 2019 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बैंगलोर के समेकित विद्या वाचस्पति उपाधि कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु जैम स्कोर का प्रयोग किया जाएगा। केन्द्र पोषित अन्य तकनीकी संस्थान जैसे सभी एनआईटी, आईआईईएसटी शिबपुर, एसएलआईईटी पंजाब, एवं आईआईएसईआर भी अपने कार्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए जैम स्कोर का प्रयोग कर सकते हैं। जैम 2019 में सभी भारतीय तथा विदेशी नागरिक भाग ले सकते हैं परंतु विदेशी विद्यार्थियों का प्रवेश संबंधित संस्थान के विदेशी छात्रों के प्रवेश संबंधी नियमों एवं विनियमों के अंतर्गत होगा।

जैम 2019 का आयोजन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर द्वारा किया जा रहा है। जैम 2019 से संबंधित सभी पत्राचार **आयोजक अध्यक्ष, जैम 2019, गेट-जैम कार्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर, खड़गपुर-721302** से किया जाए।

प्रश्न पत्र तथा परीक्षा विधि: संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2019 सात विषयों - जैव विज्ञान (BL), जैव प्रौद्योगिकी (BT), रसायन शास्त्र (CY), भू-विज्ञान (GG), गणित (MA), गणित सांख्यिकी (MS) तथा भौतिकी (PH) के लिए होगी तथा प्रत्येक प्रश्नपत्र की अवधि 03 घंटे होगी। सभी विषयों के लिए जैम 2019 परीक्षा केवल ऑनलाइन ही आयोजित की जाएगी। कोई भी उम्मीदवार परीक्षा कार्यक्रम की सीमाओं के अंतर्गत या तो एक अथवा दूसरे विषय के लिए अतिरिक्त शुल्क देकर, दो विषयों में परीक्षा दे सकता है।

तिथि तथा दिन	सत्र	समय	प्रश्न पत्र कोड
10 फरवरी 2019 (रविवार)	I	प्रातः 09.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक	BL, MA, PH
	II	दोपहर 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक	BT, CY, GG, MS

परीक्षा केंद्र

आगरा, अहमदाबाद, इलाहाबाद, आसनसोल–दुर्गापुर, बरेली, बंगलूरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बतूर, देहरादून, धनबाद, डिब्रूगढ़, एर्नाकुलम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गोवा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हिसार, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जालंधर, जम्मू, जोधपुर, जोरहाट, कल्याणी, कानपुर, कन्नूर , खड़गपुर, कोलकाता, कोल्लम, कोट्टयम, कोझिकोड, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, मदुरै, मंगलोर, मोहाली, मुरादाबाद, मुंबई, नागपुर, नांदेड, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, पालक्काड, पटना, पुणे, रायपुर, रांची, रुड़की, सिलीगुड़ी, तिरूवनंतपुरम, त्रिस्सुर, त्रिरूचिरापल्ली, तिरूनेलवेली, वड़ोदरा, वाराणसी, विजयवाड़ा, विशाखापट्टणम तथा वारांगल।

टिप्पणी: जैम 2019 समिति अपने विवेकानुसार परीक्षा केन्द्र सूची में किसी नगर / शहर को सम्मिलित कर सकती है अथवा सूची से हटा सकती है।

सूचना पुस्तिका तथा आवेदन

जैम 2019 की सूचना पुस्तिका तथा संबंधित अन्य सभी जानकारी समय-समय पर वेबसाइट http://jam.iitkgp.ac.in पर अद्यतन की जाएंगी। जैम 2019 परीक्षा के लिए उम्मीदवार अपना पंजीकरण तथा आवेदन **05 सितम्बर 2018 से 10 अक्तूबर 2018 के बीच केवल ऑनलाइन** ही कर सकेंगे।

आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन किया जा सकेगा। **आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (non-refundable) है।**

आवेदन शुल्क से संबंधित विवरण निम्नानुसार हैं:

समूह / श्रेणी	शुल्क (रुपए में)	
	एक विषय	दो विषय
महिला (सभी श्रेणी) / अ.जा. / अ.ज.जा. / दिव्यांग	750/-	1050/-
अन्य सभी	1500/-	2100/-

प्रश्न पत्र तथा उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रम

जैम प्रश्न पत्र तथा विभिन्न संस्थानों में उपलब्ध शैक्षणिक कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी के लिए कृपया जैम 2019 की वेबसाइटः http://jam.iitkgp.ac.in देखें।

प्रवेश के लिए पात्रता अपेक्षाएं

अर्हक उपाधि में औसत अंक अथवा सीजीपीए /सीपीआई सामान्य /अन्य पिछड़ा वर्ग (एन.सी.एल.) श्रेणी के उम्मीदवारों तथा विदेशी नागरिकों के लिए बिना राउडिंग ऑफ (भाषा तथा सहायक विषयों सहित सभी वर्षों के संयुक्तांक) कम से कम 55 प्रतिशत अथवा 10 में से 5.5 तथा अ.जा./अ.ज.जा. एवं दिव्यांग श्रेणी के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अथवा 10 में से 5.0 (यदि सीजीपीए/सीपीआई का स्केल अलग होगा तो यह रैखिक रुप से 10 के स्केल पर समतुल्य किया जाएगा)।

टिप्पणी: प्रवेश देने वाले संस्थान द्वारा निर्धारित अपेक्षित पात्रता के साथ अर्हक उपाधि उत्तीर्ण करने का प्रमाण 30 सितम्बर 2019 तक प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए। आरक्षण नीति भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार है।

प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता

कृपया जैम 2019 की वेबसाइट http://jam.iitkgp.ac.in देखें।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2019-2020 के लिए उपरोक्त शैक्षणिक पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश जैम 2019 की अखिल भारतीय मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। प्रवेश देने वाले संबंधित संस्थान द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताओं तथा पात्रता अपेक्षाओं को पूरा करके जैम 2019 के किसी विषय में उत्तीर्ण उम्मीदवार अपने उत्तीर्ण विषय के संगत उपलब्ध सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। जैम 2019 का परिणाम घोषित होने के उपरांत, सफल उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे आयोजनकर्ता संस्थान (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर) में उन कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन अपनी वरीयताएं प्रस्तुत करें, जिनमें वे प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं। **उम्मीदवारों**

को यह ध्यान रखना चाहिए कि किसी विषय की मेरिट सूची में आने मात्र से प्रवेश के लिए किसी प्रकार की गारंटी तथा पात्रता स्वतः प्राप्त नहीं हो जाती है। प्रवेश, निर्धारित शुल्क इत्यादि से संबंधित विस्तृत सूचनाएं जैम 2019 की वेबसाइट पर अद्यतन की जाएंगी।

आयोजक अध्यक्ष, जैम 2019

गेट-जैम कार्यालय, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर, खड़गपुर 721302

फोनः (03222) 282091/95, E-mail: jam@iitkgp.ac.in, Website: http://jam.iitkgp.ac.in